## एक नजर में

### श्रद्धालुओं की कार पुलिया से गिरी एक की मौत, दो भाई सुरक्षित

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम चलदू में देर रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मंडफिया (सांवरिया जी) दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य युवक मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भंगोलिया खींची निवासी तीन भाई सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए कार से निकले थे। उन्होंने रास्ते में सांवलिया होटल पर भोजन किया और फिर अपनी यात्रा जारी रखी।

### बीजेपी का झंडा लगी स्कॉर्पियो से शराब पकड़ी

**दतिया।** बीजेपी का झंडा लगाकर स्कॉर्पियो से अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी। 58 पेटी शराब और स्कॉर्पियो जप्त की गई है। शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। सालौन तिराहे से 58 पेटी देशी शराब और स्कॉर्पियो जप्त की गई है। पंडोखर पुलिस अवैध शराब और स्कॉर्पियो जप्त कर शराब तस्कर की तलाश कर रही है। पंडोखर पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ धारा 34(2) का प्रकरण बनाया है।

### ईडी ने 41.70 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की

**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गोरेगांव में 41.70 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है. यह कार्रवाई पीएमएलए, 2002 के तहत की गई. जब्त संपत्तियों में 'गोरेगांव पर्ल सीएचएस प्रोजेक्ट' से जुड़े तैयार और अधूरे फ्लैट, दुकानों और ऑफिस स्पेस शामिल हैं. जांच में सामने आया कि साई सिद्धि डेवलपर्स ने खरीदारों से पैसे लेने के बावजूद उन्हें न तो संपत्ति दी और न ही रकम लौटाई. कंपनी के मुख्य पार्टनर जयेश टन्ना ने निवेशकों से जुटाए गए धन को अन्य जगहों पर लगा दिया, जिससे प्रोजेक्ट अधूरा रह गया और खरीदारों को करीब 47.51 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ.

# दूसरे दिन भी हादसे में 8 की मौत

## एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, चार घायल

- स्कॉर्पियो ने ऑटो और ई-रिक्शा को मारी टक्कर
- शिवपुरी में दो इंदौर में एक की मौत





**ग्वालियर, 27 मार्च.** मध्य प्रदेश में शुक्रवार तड़के परशुराम चौराहे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पिय ने ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा सुबह करीब 3 बजे उस समय हुआ जब ऑटो में सवार लोग शीतला माता मंदिर से लौट रहे थे. टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो नीम के पेड़ से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

मृतकों में शामिल हैं इंद्रजीत उर्फ पप्पू शाक्य (55), लीला पत्नी इंद्रजीत (52), शुभम उर्फ लाली (30), प्रीति कश्यप (60) और शगुन पत्नी शुभम. घायलों में प्रीति (20), प्रियांश (5), आरव (6) और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं. एसपी धर्मवीर यादव ने बताया कि घायलों की स्थिति गंभीर है. स्कॉर्पियो चालक का मेडिकल टेस्ट कराया गया और वाहन एमपी 21 जेड ई 5911 जब्त कर लिया गया. वाहन के आगे का कांच टूट चुका था और सभी एयरबैग खुले हुए थे. परिजनों ने दो शव सड़क पर रखकर चक्काजाम किया, जबकि अन्य तीन शव एम्बुलेंस में थे. उनकी मांग परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता देने की थी. डीएसपी ट्रैफिक अजीत चौहान और टीआई विश्वविद्यालय टीम ने चक्काजाम को हटाया.

कलेक्टर रूचिका चोहान ने ट्रॉमा सेंटर पहुंच कर बेहतर इलाज मुहैया कराने और अधिकतम सहायता देने के आदेश दिए.

### शिवपुरी हादसे में दो की मौत

इसी बीच शिवपुरी जिले में हुए दो सड़क हादसों में भी दो लोगों की मौत हुई. पहला हादसा शिवपुरी-झांसी लिंक रोड पर हुआ, जिसमें बहादुर वाल्मीक (45) की मौत हुई और दामाद किशन गंभीर रूप से घायल हैं. दूसरा हादसा भरतपुर गांव के पास हुआ, जिसमें मामा-भांजे की बाइक में पीछे से टक्कर लगी और कल्याण सिंह लोधी की मौत हो गई. इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार रात तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो युवकों को टक्कर मारी. हादसे में अनस अब्बासी (23) की मौके पर मौत हो गई . जबकि जुबेर (32) गंभीर रूप से घायल हुआ. कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी. पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़कर कार जब्त कर ली और जांच शुरू कर दी है. इन घटनाओं ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहन चलाने के खतरों को उजागर किया है. प्रशासन और पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए घायलों का इलाज और जांच सुनिश्चित की है, जबकि परिवारों के लिए आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान करने की मांग उठ रही है.

# श्रीराम नवमी पर श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली रैली

- जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा मार्ग, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भक्तों का स्वागत



**नीमच।** श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय रघुवंशी नायक समाज महासंगठन, नीमच के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया।

रैली में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

रैली का शुभारंभ सांवलिया सेठ मंदिर से हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गोंकृफव्वारा चौक, कमल चौक और टैगोर मार्ग से होते हुए राजू बिल्डिंग के सामने स्थित राम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

रैली में शामिल वाहन भगवा ध्वज और धार्मिक पताकाओं से सजे हुए थे। इस दौरान श्रद्धालु 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ भजनों पर झूमते नजर आए। पूरे आयोजन में अनुशासन और उत्साह का विशेष संगम देखने को मिला। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह रघुवंशी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

श्रीराम नवमी पर आयोजित इस भव्य रैली ने धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही समाज में एकता, श्रद्धा और उत्साह का संदेश भी दिया। शहरभर में हुए सैकड़ों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

### रामनवमी पर भक्ति का माहौल, श्रीराम मंदिर में अभिषेक

नीमच। रामनवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज नीमच द्वारा प्राचीन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत प्रात: 8 बजे भगवान श्रीराम का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे परिसर अत्यंत मनोहारी दिखाई दिया। मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के शुभ अवसर पर जन्मोत्सव आरती उतारी गई। इस दौरान भजन-कीर्तन हुए और मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी, समाजजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर प्रमुख सत्यनारायण तोतला एवं समाजजनों ने बताया कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### दिल्ली लाल किला ब्लास्ट केस : एनआईए को मिला 45 दिन समय

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण ब्लास्ट मामले की जांच पूरी करने के लिए अदालत से 45 दिन का अतिरिक्त समय मिला है. पटियाला हाउस कोर्ट ने एजेंसी की मांग पर यह समय बढ़ाया. एनआईए के अनुसार जांच के दौरान कई नए सुराग मिले हैं और बड़ी मात्रा में डिजिटल सबूतों की जांच की जा रही है. एजेंसी को शक है कि इस हमले के तार अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हो सकते हैं, इसलिए हर पहलू की गहन जांच की जा रही है. जांच में आरोपियों से कट्टरपंथी अरबी लेख और एक संदिग्ध व्हाट्सएप ग्रुप का पता चला है.

# गरोठ में आज होगा 31 फीट ऊंचे रावण का दहन

**गरोठ।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गरोठ में आज 28 मार्च (शनिवार) को दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि 8:30 बजे दशहरा मैदान में बुराई के प्रतीक 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा, जिसके साथ आकर्षक आकाशीय आतिशबाजी भी की जाएगी।

चैत्र नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7:30 बजे सदर बाजार स्थित भगवान श्री लक्ष्मीकांत मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, श्री लक्ष्मण एवं श्री हनुमान जी की सजीव झांकियां गाजे-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों—सदर बाजार, रामपुरा दरवाजा, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड एवं भानपुरा रोड से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी।

दशहरा मैदान पर पहुंचने के बाद परंपरानुसार भगवान श्री लक्ष्मीकांत, श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी का पूजन एवं आरती की जाएगी। इसके पश्चात बाहर से आमंत्रित कलाकारों द्वारा भव्य एवं आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का मंचन किया जाएगा, जिसके बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

दशहरा पर्व को लेकर दशहरा मैदान में विशेष रौनक देखने को मिलती है। स्थानीय दुकानदार अपने-अपने स्टॉल सजाते हैं, जहां परंपरा अनुसार सिंघाड़े के आटे से बने गुड़युक्त सेव की खरीदारी की जाती है।

# सीएम ने दिवंगत लोगों के परिजन को दी सांत्वना

## जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों से मुलाकात कर उनके उपचार की ली जानकारी



**छिंदवाड़ा, 27 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को दोपहर छिंदवाड़ा पहुंचे सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजन से भेंट की और उन्हें सांत्वना प्रदान की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्घटना पीड़ा दायक है. मध्यप्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है.**

बता दे कि कल शाम 6:30 बजे लगभग नागपुर मार्ग पर बस की माल वाहन से टक्कर हो गई थी इस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 35 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इस हृदय विदारक घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छिंदवाड़ा पहुंचे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों से भेंट की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल प्राप्त किया. मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को सभी घायलों की समुचित चिकित्सा के निर्देश दिए.

उन्होंने अब तक किए गए उपचार की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यकता पडने् पर नागपुर अथवा अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों में भेजने की व्यवस्था भी की जाए. राज्य सरकार घायलों के नि:शुल्क उपचार के लिए कटिबद्ध है.

### इन परिवारों से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

छिंदवाड़ा पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव मोहखेड़ तहसील के ग्राम करेर पहुंचे जहां उन्होंने सिया पति कृष्णा इनवाती, रामदास पिता सुकलू पराने, दौलत पवार, भागवती पति दान सिंह और शकुन पत्नी लखीचन्द्र यादव के निवास जाकर मुलाकात की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन परिवारों के सदस्यों से बातचीत कर उन्हें कहा कि किसी बात की चिंतित न करों. परिवार की दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है.

आपको हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी. ग्राम करेर में प्रभावित परिवारों से भेंट के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम ग्वारा और ग्राम झिरिया जहां उन्होंने प्रभावित परिवारों के सदस्यों से भेंट की और उन्हें दुख की इस घड़ी में हिम्मत से कार्य लेने का अनुरोध किया. साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि मध्य प्रदेश सरकार परिवारों की सभी संभव सहायता करेगी.

### संबल योजना से भी मिलेगी 4-4 लाख रुपए की राशि

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह दुर्घटना पीड़ा दायक है। मध्य प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के संकट की घड़ी में उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सड़क दुर्घटना में दिवंगत लोगों के परिवारों के लिए चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि और गंभीर रूप से घायलों को एक - एक लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी आवश्यक सहायता और उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत के परिजनों को संबल योजना से भी 4-4 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है।

### जवानों को किया जायेगा पुरस्कृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रशासन, नागरिकों और पुलिस बल के उन जवानों की सराहना की, जिन्होंने दुर्घटना के बाद सभी स्थितियों को कुशलतापूर्वक सम्हाला। उन्होंने उन पुलिस जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, जिन्होंने घायलों की पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से सहायता की।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला पति-पत्नी के वैवाहिक संबंध के बीच अप्राकृतिक संबंध अपराध नहीं

**ग्वालियर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने अहम फैसला सुनाया है. यह फैसला वैवाहिक जीवन में शारीरिक संबंधों को लेकर है. कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि वैवाहिक संबंधों के दौरान पति-पत्नी के बीच बने शारीरिक संबंधों को धारा 377 के तहत अपराध हीं माना जा सकता.**

कोर्ट ने भिंड की एक महिला द्वारा अपने पति पर लगाए गए आरोपों को एफआईआर से हटाने के आदेश दिए हैं. यह फैसला भिंड के एक दंपत्ति के आपसी विवाद के मामले में दिया है. भिंड की रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष और अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट से जुड़ी एफआईआर दर्ज कराई थी. महिला ने यह मामला 2023 दर्ज में दर्ज कराया था. उसने आरोप लगाया था कि शादी के समय उसके पिता ने ससुराल वालों को बाइक, सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान और 4 लाख कैश दिए थे. महिला का आरोप है कि शादी के बाद भी ससुराल वाले 10 लाख और एक बुलेट बाइक देने की मांग करते थे. इसके साथ ही महिला का आरोप था कि उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता था. मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि पति-पत्नी के बीच अप्राकृतिक संबंध को अपराध नहीं माना जा सकता.

### मानसिक रूप से कष्ट से गुजरना पड़ा...

दहेज के मामले में महिला ने आरोप लगाया कि जब मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष की मांग पूरी करने से मना कर दिया तो पति और ससुराल के लोग उससे मारपीट करने लगे. साथ ही उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा. महिला का आरोप था कि उसके पति ने उससे अप्राकृतिक संबंध बनाए. महिला का कहना था कि पति द्वारा इस तरह से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने की वजह से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से कष्ट से गुजरना पड़ा.

### साइबर अपराध पर 1692 आरोपी गिरफ्तार

**गौतमबुद्धनगर 27 मार्च.** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत साइबर अपराध पुलिस लगातार सख्त और प्रभावी कार्रवाई कर रही है. इसी अभियान के अंतर्गत एक जनवरी 2023 से 27 मार्च 2026 तक साइबर ठगी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुल 1692 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस द्वारा शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी. पुलिस की जांच में सामने आया कि ये साइबर अपराधी देश के विभिन्न राज्यों—पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गुजरात में सक्रिय थे.

**समारोह** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा का योगदान अविस्मरणीय रहेगा

# निरोगी बनाने का एक मात्र साधन प्राकृतिक खेती




**भोपाल, 27 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा के सेमरिया में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोलई कुशवाहा की जयंती समारोह एवं कृषक सम्मेलन में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि मोलई कुशवाहा का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अविस्मरणीय है और उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उप मुख्यमंत्री ने उनकी मूर्ति के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।**

शुक्ल ने कहा कि आज का दिन विशेष है क्योंकि भगवान राम का जन्मदिन और मोलई कुशवाहा की जयंती दोनों एक साथ मनाई जा रही है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया और कहा कि मानवता को निरोगी रखने का एकमात्र साधन प्राकृतिक खेती है। किसानों को अपने खेतों में कुछ हिस्सों में प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों से अपील की कि वे कृषि और उद्यानिकी में अपने अग्रणी योगदान को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती अपनाएं.

गौ माता के गोबर और गौमूत्र का उपयोग प्राकृतिक खाद एवं कीटनाशक के रूप में लाभकारी है. पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी ने कहा कि यह आयोजन मोलई कुशवाहा को श्रद्धांजलि है।

प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत सेमरिया के लोग प्राकृतिक खेती को अपनाने में अग्रणी हैं और अन्य किसानों से इसे अपनाने की अपील की। सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने चौराहे में सम्राट अशोक की मूर्ति स्थापना की भी घोषणा की। इस प्रकार कार्यक्रम ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण संदेश दिया।

### मां के आशीर्वाद से कार्य सफल होते : शुक्ल

भोपाल, 27 मार्च. नवरात्रि के अवसर पर महाअष्टमी की रात रीवा के रानी तालाब मंदिर परिसर में भव्य मां भगवती जागरण का आयोजन हुआ. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मां के आशीर्वाद से ही सभी कार्य सफल होते हैं. उन्होंने कहा कि मानवता संकट में है और केवल मां ही हमें इस संकट से उबार सकती हैं. शुक्ल ने प्रार्थना की कि माता का आशीर्वाद बना रहे और रीवा हर क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहे.



# शराब पिलाने के बहाने साथ ले जाकर पत्थर से कुचला

**देवास।** जिले के खातेगांव में 25 मार्च को हुए एक अंधे कटले का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कर दिया ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी सुनील अग्रवाल को हिरासत में लिया गया।

25 मार्च को रेहान बी निवासी डाक बंगला मैदान खातेगांव अपने पति हनीफ शाह के लापता होने की सूचना थाने में दी उसी दिन हनीफ शाह का शव चिमटा वाले बाबा के रास्ते पर पड़ा मिला परिजनों ने हत्या की आशंका जताई जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की मामले की गंभीरता को देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन और एसडीओपी कन्नौद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी की टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष के साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खगाले इसी दौरान आरोपी सुनील अग्रवाल की पहचान हुई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक हनीफ शाह से उसका 50 हजार रुपए का लेनदेन था, उधर राशि न मिलने पर उसने हनीफ शाह को शराब पिलाकर सुनसान जगह ले जाकर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पहचान छुपाने के लिए कदम उठाया पुलिस ने आरोपी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है इस सफल खुलासे के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।